479. राजस्थान में मई और जून में सर्वाधिक धूल भरी आँधियाँ किस जिले में आती है?

(a) बीकानेर (b) जैसलमेर
(c) गंगानगर (d) बाड़मेर

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (c) राजस्थान में मई और जून माह में सर्वाधिक धूल भरी आधियाँ गंगानगर जनपद में आती है।

480. बीकानेर, जैसलमेर और चुरू राजस्थान के किस कृषि जलवायु प्रदेश /खण्ड में सम्मिलित है?

(a) अन्तः प्रवाह शुष्क खण्ड
(b) पश्चिमी शुष्क मैदान
(c) अति शुष्क आंशिक सिंचित
(d) उत्तरी-पश्चिमी सिंचित मैदान

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (c) बीकानेर, जैसलमेर और चुरू राजस्थान के अति शुष्क आंशिक कृषि जलवायु प्रदेश में स्थित है।

481. राजस्थान की जलवायु के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा/कौनसे कथन सत्य है? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

1. राजस्थान की जलवायु दशाएँ तापमान एवं वर्षा की अतिशयता प्रकट करती है।
2. गत दस वर्षों में पश्चिमी मरुप्रदेश में वर्षा की मात्रा घटी है, जबकि मेवाड़ क्षेत्र में बढ़ी है।
3. पश्चिमी राजस्थान में न्यून वर्षा का मूल कारण अति-उष्ण स्थलखण्ड पर दक्षिण-पूर्वी आर्द्रतावाही पवनों का आकस्मिक प्रवेश है।
4. जलवायु की दृष्टि से राजस्थान का अधिकतर भाग उपोष्ण कटिबंध में स्थित है।

कूट-

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 4 (d) 2 और 4

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (c) उत्तर पश्चिम भारत में राजस्थान की जलवायु आमतौर पर शुष्क या अर्द्धशुष्क है और वर्ष भर काफी गर्म तापमान रहता है। मरूस्थलीय क्षेत्रों में आमतौर पर गर्मियों में गर्म व शुष्क तथा सर्दियों के मौसम में ठंडा होता है।

• अरावली रेंज व पश्चिमी राजस्थान में वर्षा व आर्द्रता की मात्रा दोनों कम होती है। कम वर्षा का अन्य कारण अरावली रेंज का वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित होता है।

• पूर्वी राजस्थान में उच्च आर्द्रता और बेहतर वर्षा के कारण मौसम की विशेषता बदल जाती है। सबसे अधिक वर्षा राज्य के दक्षिणी या दक्षिण-पूर्वी जिलों में प्राप्त होती है।

• जलवायु की दृष्टि में राज्य का अधिकतर भाग उष्ण कटिबंधीय पट्टी में स्थित है।

482. जैसलमेर में किस प्रकार के बालूका स्तूप पाए जाते हैं?

(a) बरखान (b) परवलयिक
(c) अनुदैर्घ्य (d) अनुप्रत्य

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (a) बालू का स्तूप मरूस्थलीय प्रदेश की विशेषता है। ये क्षेत्र वायु अपरदान एवं निक्षेपण का परिणाम है ये बालू के टीले बनावट की दृष्टि से कई प्रकार के पाये जाते है। जैसलमेर क्षेत्र में पाये जाने वाले बालू का स्तूपों का बरखान (अर्द्ध चंद्राकार) कहते हैं।

483. राजस्थान में कौन-सा कृषि जलवायु प्रदेश सबसे बड़ा है?

(a) 1-A (b) III-A
(c) IV-A (d) V

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (a) राजस्थान को 10 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया है, जिसमें सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश IC (अतिशुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र) है, परन्तु वह विकल्प में नहीं है। विकल्पों में सबसे बड़ा 1-A है जो 4.74 मि.हे. क्षेत्र पर विस्तृत है। अन्य क्षेत्र का विस्तार है-

III - A - 3.96 मि.हे.
IV - A - 3.36 मि.हे.
V - 2.70 मि.हे.

484. थॉर्नवेट वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा बाँसवाड़ा व डूंगरपुर की जलवायु को दर्शाता है?

(a) EA' d (b) CA'w
(c) DB'w (d) DA'w

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (b) थॉर्नवेट के द्वारा राजस्थान की जलवायु को 4 प्रमुख जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है-

(1) CA'W जलवायु प्रदेश - उदयपुर, बांसवाड़ा, डूँगरपुर व कोटा
(2) DA'w जलवायु प्रदेश - सिरोही, पूर्वी जालौर, टोंक, पाली, अजमेर
(3) DB'w जलवायु प्रदेश - गंगानगर, चुरु, हनुमानगढ़, बीकानेर
(4) EA'd जलवायु प्रदेश - बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, द. बीकानेर

485. निम्नलिखित में से कौन-सा Bshw प्रकार की जलवायु दर्शाता है?

(a) जालौर (b) गंगानगर
(c) बीकानेर (d) डूंगरपुर

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (a) राजस्थान की जलवायु को मुख्यतः 4 (चार) जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है। जिसमें Bshw जलवायु प्रदेश राज्य के जालौर, बाड़मेर, चुरु, सिरोही, सीकर आदि जिलों में विस्तृत है।

AW जलवायु क्षेत्र - डूँगरपुर व बांसवाड़ा
BWhw जलवायु क्षेत्र - जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर
CWg जलवायु क्षेत्र - अरावली का दक्षिण-पूर्वी भाग